**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2532**
**बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**देश में विषम मौसम की घटनाओं के कारण मौतें**

**†2532. डॉ. एम. पी अब्दुस्समद समदानी:**
**श्री मुरारी लाल मीना:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पता है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में विषम मौसम की घटनाओं के कारण होने वाली मौतों में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान विषम मौसम की घटनाओं, जैसे लू, बाढ़ ,चक्रवात, भूस्खलन और सूखे के कारण हताहत होने वालों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विषम मौसम की घटनओं के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे है;

(घ) क्या सरकार ने देश में विषम मौसम घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता पर जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विषम मौसम की घटनाओं के प्रति संवेदनशील समुदायों, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलन और रेजिलीएंट पहलों के लिए सरकार द्वारा आवंटित वित्तीय संसाधनों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क)-(ख) नवीनतम विवरण अनुलग्नक-I में दिए गए हैं।

(ग) भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने देश के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों के साथ समन्वयन में निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करने के लिए लगातार विभिन्न कदम उठाए हैं, जिससे प्रचंड मौसम की घटनाओं के दौरान जान-माल की हानि को कम करने में सहायता मिली है। मौसम संबंधी जानकारी संघ सरकार के सभी मंत्रालयों, राज्य सरकारों, तथा स्थानीय सरकारी निकायों समेत सभी हितधारकों को प्रदान की जाती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) आम जनता एवं आपदा प्रबन्धन प्राधिकरणों के लिए विभिन्न आउटलुक / पूर्वानुमान / चेतावनियां जारी करता है, ताकि वे प्रचंड मौसम की घटनाओं से बचाव के लिए तैयारी कर सकें। अलर्ट जारी करते समय, किसी संभावित गंभीर मौसम के प्रभाव पर प्रकाश डालने, तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को आसन्न आपदा मौसम घटना के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में अलर्ट करने के लिए उपयुक्त कलर कोड का उपयोग किया जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) पहले से तैयारी करने के लिए अग्रिम में जरूरी चेतावनी एवं परामर्शिकाएं जारी करता है। ग्रीष्म ऋतु आरंभ होने से काफी पहले ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर तैयारी संबंधी विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं, तथा ऋतु के दौरान समय-समय पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित होती हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने वेब आधारित ऑनलाइन "भारतीय जलवायु संकट एवं संवेदनशीलता एटलस" तैयार किया है, इसे तेरह सबसे अधिक खतरे वाली मौसमी घटनाओं के लिए तैयार किया गया है, जिनके कारण अत्यधिक क्षति, और आर्थिक, जान-माल एवं पशुओं की हानि होती है। इसे https://imdpune.gov.in/hazardatlas/abouthazard.html लिंक से एक्सेस किया जा सकता है। यह एटलस से राज्य सरकार के प्राधिकरणों एवं आपदा प्रबन्धन अधिकरणों को सहायता मिलती है, ताकि वे विभिन्न विषम मौसम की घटनाओं से निपटने के लिए उचित योजना बना सकें एवं उपयुक्त कार्रवाई कर सकें। यह उत्पाद जलवायु परिवर्तन के प्रति सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में सहायता करता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने आम जनता के उपयोग हेतु 'उमंग' मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी सात सेवाएं (वर्तमान मौसम, तात्कालिक पूर्वानुमान, नगर पूर्वानुमान, वर्षा सूचना, पर्यटन पूर्वानुमान, चेतावनियां एवं चक्रवात) प्रारंभ की हैं। इसके अतिरिक्त भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने मौसम पूर्वानुमान के लिए 'मौसम' मोबाइल ऐप, कृषि-मौसम परामर्शिका प्रसारण के लिए 'मेघदूत' तथा आकाशीय बिजली अलर्ट के लिए 'दामिनी' नामक मोबाइल ऐप तैयार किए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) चेतवानियों के प्रसारण हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा विकसित कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल (CAP) को भी कार्यान्वित कर रहा है।

(घ) जी हां। जलवायु परिवर्तन के कारण, वैश्विक स्तर पर वार्षिक तापमान बढ़ रहा है और इसका प्रभाव भारत सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रचंड मौसम की घटनाओं के रूप में दिख रहा है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने हाल ही में भारतीय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन आकलन रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो https://link.springer.com/book/10.1007/978-981-15-4327-2 पर उपलब्ध है।

(ङ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) देशभर में केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को एकसमान रूप से कार्यान्वित करता है, तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) लू संबंधी चेतावनियों समेत जलवायु एवं मौसम संबंधित पूर्वानुमान तथा चेतावनियां प्रदान करता है।

**अनुलग्नक -1**

## वर्ष 2023 के दौरान विनाशकारी मौसमी घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु का राज्य-वार विवरण

| राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | हिमपात | शीत लहर | लू | झंझा | बिजली-गिरना | गर्ज के साथ तूफान | ओलावृष्टि | बाढ़ तथा भारी वर्षा | चक्रवाती तूफान / चक्रवात संबंधी घटनाएं | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | * | * | 3 | * | 55 | * | * | * | 9 | **67** |
| अरुणाचल प्रदेश | * | * | * | * | * | * | * | 17 | * | **17** |
| असम | * | * | * | * | 20 | 8 | 1 | 20 | * | **49** |
| बिहार | * | * | 12 | * | 250 | * | * | 1 | * | **263** |
| चंडीगढ़ | * | * | * | * | * | * | * | 1 | * | **1** |
| छत्तीसगढ़ | * | 1 | 2 | * | 67 | 8 | 2 | 1 | * | **81** |
| दादरा एवं नगर हवेली | * | * | * | * | * | * | * | 2 | * | **2** |
| दिल्ली | * | * | * | * | * | * | * | 2 | * | **2** |
| गोवा | * | * | * | * | * | * | * | 1 | * | **1** |
| गुजरात | * | * | * | * | 30 | * | * | 5 | * | **35** |
| हरियाणा | * | * | * | * | 1 | * | * | 7 | * | **8** |
| हिमाचल प्रदेश | 2 | * | * | * | 2 | * | * | 123 | * | **127** |
| जम्मू एवं कश्मीर | 9 | * | * | * | 5 | * | * | 40 | * | **54** |
| झारखंड | * | * | 25 | 4 | 120 | * | * | 11 | * | **160** |
| कर्नाटक | * | * | * | * | 8 | 4 | * | 10 | * | **22** |
| केरल | * | * | * | * | 5 | * | * | 25 | * | **30** |
| लद्दाख | 2 | * | * | * |  | * | * | 5 | * | **7** |
| मध्य प्रदेश | * | * | * | * | 167 | 5 | * | 136 | * | **308** |
| महाराष्ट्र | * | * | 8 | 7 | 108 | 14 | * | 71 | * | **208** |
| मेघालय | * | * | * | * | * | 5 | * | 13 | * | **18** |
| मिजोरम | * | * | * | * | * | * | * | 9 | * | **9** |
| ओडिशा | * | * | 45 | 3 | 205 | * | * | 10 | * | **263** |
| पंजाब | * | * | * | * | * | * | * | 8 | * | **8** |
| राजस्थान | * | * | * | * | 39 | 15 | * | 56 | 7 | **117** |
| सिक्किम | 7 | * | * | * | * | * | * | 106 | * | **113** |
| तमिलनाडु | * | * | * | * | 6 | * | * | 10 | 17 | **33** |
| तेलंगाना | * | * | * | * | 36 | 1 | * | 41 | 3 | **81** |
| त्रिपुरा | * | * | * | * | 5 | 2 | * | * | * | **7** |
| उत्तर प्रदेश | * | 4 | 86 | * | 94 | 8 | * | 81 | * | **273** |
| उत्तराखण्ड | 1 | * | * | * | 3 | 4 | * | 75 | * | **83** |
| पश्चिम बंगाल | * | * | * | * | 33 | * | * | 3 | * | **36** |
| **कुल योग** | **21** | **5** | **181** | **14** | **1259** | **74** | **3** | **890** | **36** | **2483** |

## वर्ष 2022 के दौरान विनाशकारी मौसमी घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु का राज्य-वार विवरण

| राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | हिमपात | शीत लहर | लू | चंडवात | झंझा | धूल भरी आंधी | बिजली-गिरना | गर्ज के साथ तूफान | ओलावृष्टि | बाढ़ तथा भारी वर्षा | CS/CS_संबंधित घटनाएं | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | * | * | * | * | * | * | 51 | * | * | 7 | 1 | **59** |
| अरुणाचल प्रदेश | 7 | * | * | * | * | * | * | * | * | 32 | * | **39** |
| असम | * | * | * | * | 1 | * | 25 | 33 | * | 199 | * | **258** |
| बिहार | * | * | * | * | * | * | 118 | 297 | * | 3 | * | **418** |
| छत्तीसगढ़ | * | * | 1 | * | * | * | 46 | 25 | * | 7 | * | **79** |
| दिल्ली | * | * | * | * | * | * | * | 2 | * | 3 | * | **5** |
| गोवा | * | * | * | * | * | * | * | * | * | 2 | * | **2** |
| गुजरात | * | * | * | * | * | * | 7 | * | * | 24 | * | **31** |
| हिमाचल प्रदेश | 10 | * | * | * | * | * | 1 | 2 | * | 75 | * | **88** |
| जम्मू एवं कश्मीर | 3 | * | * | * | 4 | * | 7 | * | * | 43 | * | **57** |
| झारखंड | * | * | 1 | * | 2 | * | 118 | 4 | * | 5 | * | **130** |
| कर्नाटक | * | * | * | * | * | * | 33 | * | * | 34 | * | **67** |
| केरल | * | * | * | * | 2 | * | 9 | 1 | * | 43 | * | **55** |
| लद्दाख | 1 | * | * | * | * | * | * | * | * | * | * | **1** |
| मध्य प्रदेश | * | * | * | * | * | * | 115 | 1 | * | 1 | * | **117** |
| महाराष्ट्र | * | 1 | 13 | * | * | * | 81 | 2 | * | 143 | * | **240** |
| मणिपुर | * | * | * | * | * | * | * | * | * | 56 | * | **56** |
| मेघालय | * | * | * | * | * | * | 1 | * | * | 15 | * | **16** |
| नगालैंड | * | * | * | * | * | * | * | * | * | 3 | * | **3** |
| ओडिशा | * | * | 12 | * | 2 | * | 168 | * | * | 12 | * | **194** |
| पुडुचेरी | * | * | * | * | * | * | * | * | * | * | 1 | **1** |
| पंजाब | * | * | * | * | * | * | * | * | * | 3 | * | **3** |
| राजस्थान | * | * | * | * | * | * | 78 | * | * | 48 | * | **126** |
| सिक्किम | * | * | * | * | * | * | 1 | * | * | 7 | * | **8** |
| तमिलनाडु | * | * | * | * | * | * | 21 | * | * | 3 | 4 | **28** |
| तेलंगाना | * | * | * | * | 1 | * | 6 | 12 | * | 26 | * | **45** |
| त्रिपुरा | * | * | * | * | * | * | 1 | * | * | * | * | **1** |
| उत्तर प्रदेश | * | * | * | * | * | 22 | 302 | 2 | 32 | 231 | * | **589** |
| उत्तराखण्ड | 16 | * | * | * | * | * | 1 | * | * | 13 | * | **30** |
| पश्चिम बंगाल | * | * | 3 | 1 | * | * | 4 | 5 | * | 8 | * | **21** |
| **कुल योग** | **37** | **1** | **30** | **1** | **12** | **22** | **1194** | **386** | **32** | **1046** | **6** | **2767** |
| | | | | | | | | | | | | |

## वर्ष 2021 के दौरान विनाशकारी मौसमी घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु का राज्य-वार विवरण

| राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | हिमपात | शीत लहर | झंझा | धूल भरी आंधी | बिजली-गिरना (गर्ज वाले तूफान के साथ) | गर्ज के साथ तूफान | ओलावृष्टि | बाढ़ तथा भारी वर्षा | चक्रवाती तूफान / चक्रवात संबंधी घटनाएं / | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार | * | * | 1 | * | * | * | * | * | * | **1** |
| आंध्र *प्रदेश | * | * | * | * | * | * | * | 46 | 6 | **52** |
| असम | * | * | * | * | * | * | * | 14 | * | **14** |
| बिहार | * | * | * | * | 73 | 99 | * | 12 | 1 | **185** |
| छत्तीसगढ़ | * | * | * | * | 10 | 32 | 3 | * | * | **45** |
| दिल्ली | * | 3 | * | * | * | * | * | 4 | * | **7** |
| गोवा | * | * | * | * | 1 | * | * | 1 | 3 | **5** |
| गुजरात | * | * | * | * | 6 | * | * | 7 | 79 | **92** |
| हरियाणा | * | * | * | * | 1 | * | * | * | * | **1** |
| हिमाचल प्रदेश | 12 | * | * | * | * | * | * | 61 | * | **73** |
| जम्मू एवं कश्मीर | 4 | 2 | * | * | 4 | * | 1 | 21 | * | **32** |
| झारखंड | * | * | * | * | 22 | 35 | * | * | 3 | **60** |
| कर्नाटक | * | * | * | * | 3 | 1 | * | 33 | 8 | **45** |
| केरल | * | * | * | * | 5 | * | * | 53 | 9 | **67** |
| मध्य प्रदेश | * | 1 | 1 | * | 158 | 2 | * | 34 | * | **196** |
| महाराष्ट्र | * | 3 | * | * | 84 | 2 | * | 217 | 56 | **362** |
| ओडिशा | * | * | 3 | * | 213 | * | * | 3 | 4 | **223** |
| पुडुचेरी | * | * | * | * | * | * | * | 1 | * | **1** |
| राजस्थान | * | * | * | * | 49 | * | * | 14 | * | **63** |
| सिक्किम | * | * | * | * | * | * | * | 2 | * | **2** |
| तमिलनाडु | * | * | * | * | 15 | * | * | 28 | * | **43** |
| तेलंगाना | * | * | * | * | 7 | * | * | 15 | 3 | **25** |
| उत्तर प्रदेश | * | 2 | * | 5 | 43 | 6 | * | 42 | * | **98** |
| उत्तराखंड | 15 | * | * | * | * | * | * | 138 | * | **153** |
| पश्चिम बंगाल | * | * | * | * | 61 | 3 | * | 33 | 2 | **99** |
| **कुल योग** | **31** | **11** | **5** | **5** | **755** | **180** | **4** | **779** | **174** | **1944** |

## वर्ष 2020 के दौरान विनाशकारी मौसमी घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु का राज्य-वार विवरण

| राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | शीत लहर | चक्रवाती तूफान / चक्रवात संबंधी घटनाएं | धूल भरी आंधी | बाढ़ तथा भारी वर्षा | झंझा | लू | बिजली गिरना | चंडवात | हिमपात | तूफान | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | * | 9 | * | 20 | * | * | 20 | * | * | * | **49** |
| अरुणाचल प्रदेश | * | * | * | 12 | * | * | * | * | * | * | **12** |
| असम | * | * | * | 129 | * | * | * | * | * | * | **129** |
| बिहार | 54 | * | * | 54 | * | 2 | 98 | * | * | 186 | **394** |
| छत्तीसगढ़ | * | * | * | * | * | * | 12 | * | * | 17 | **29** |
| गुजरात | * | * | * | 106 | * | * | 9 | * | * | * | **115** |
| हरियाणा | * | * | * | 1 | * | * | * | * | * | * | **1** |
| हिमाचल प्रदेश | * | * | * | 38 | * | * | * | * | 4 | * | **42** |
| जम्मू एवं कश्मीर | * | * | * | 13 | 3 | * | 5 | * | 17 | * | **38** |
| झारखंड | 16 | * | * | 4 | * | * | * | 6 | * | 126 | **152** |
| कर्नाटक | * | * | * | 148 | 1 | * | 15 | * | * | * | **164** |
| केरल | * | * | * | 78 | 6 | 1 | 2 | * | * | 1 | **88** |
| मध्य प्रदेश | * | * | * | 10 | * | * | 72 | * | * | 7 | **89** |
| महाराष्ट्र | * | 6 | * | 59 | * | 6 | 42 | * | * | 1 | **114** |
| मेघालय | * | * | * | 12 | * | * | * | * | * | * | **12** |
| नगालैंड | * | * | * | 7 | * | * | * | * | * | * | **7** |
| नई दिल्ली | * | * | * | 1 | * | * | * | * | * | * | **1** |
| ओडिशा | * | 4 | * | 38 | 3 | 16 | 278 | * | * | * | **339** |
| पंजाब | * | * | * | 2 | * | * | * | * | * | * | **2** |
| राजस्थान | 3 | * | 14 | 18 | * | * | 4 | * | * | * | **39** |
| सिक्किम | * | * | * | 5 | * | * | * | * | 1 | 1 | **7** |
| तमिलनाडु | * | 14 | * | * | * | * | 9 | * | * | * | **23** |
| तेलंगाना | * | * | * | 63 | * | * | 6 | * | * | * | **69** |
| उत्तर प्रदेश | 88 | * | * | 24 | * | * | 77 | * | * | 167 | **356** |
| उत्तराखण्ड | 1 | * | * | 8 | * | * | * | * | * | * | **9** |
| पश्चिम बंगाल | * | 86 | * | 145 | * | * | 3 | * | * | * | **234** |
| कुल योग | **162** | **119** | **14** | **995** | **13** | **25** | **652** | **6** | **22** | **506** | **2514** |

## वर्ष 2019 के दौरान विनाशकारी मौसमी घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु का राज्य-वार विवरण

| राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | शीत लहर | चक्रवाती तूफान / चक्रवात संबंधी घटनाएं | धूल भरी आंधी | बाढ़ तथा भारी वर्षा | झंझा | ओलावृष्टि | लू | बिजली गिरना | हिमपात | चंडवात | गर्ज के साथ तूफान | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | * | * | * | * | * | * | 45 | * | * | * | * | **45** |
| असम | * | * | * | 94 | * | * | * | 15 | * | * | 11 | **120** |
| बिहार | 19 | * | * | 306 | * | * | 293 | * | * | * | 72 | **690** |
| छत्तीसगढ़ | * | * | * | 4 | * | * | * | 2 | * | * | 16 | **22** |
| गोवा | * | * | * | 1 | * | * | * | * | * | * | * | **1** |
| गुजरात | * | * | * | 150 | * | * | * | * | * | * | 10 | **160** |
| हिमाचल प्रदेश | * | * | * | 26 | * | * | * | * | 8 | * | * | **34** |
| जम्मू एवं कश्मीर | * | * | * | * | * | * | * | * | 7 | * | 3 | **10** |
| झारखंड | 13 | * | * | 5 | * | * | 13 | * | * | 2 | 126 | **159** |
| कर्नाटक | * | * | * | 30 | * | * | * | 21 | * | * | 8 | **59** |
| केरल | * | * | * | 75 | 2 | * | 14 | 4 | * | * | * | **95** |
| मध्य प्रदेश | 12 | * | * | 21 | * | 2 | * | 26 | * | * | * | **61** |
| महाराष्ट्र | 7 | * | * | 145 | * | * | 53 | 65 | * | * | 2 | **272** |
| मणिपुर | * | * | * | * | * | * | * | * | * | * | 3 | **3** |
| मिजोरम | * | * | * | 5 | * | * | * | * | * | * | * | **5** |
| ओडिशा | * | 53 | * | 10 | 1 | * | 9 | 239 | * | 1 | * | **313** |
| पंजाब | * | * | * | 14 | * | * | * | * | * | * | * | **14** |
| राजस्थान | * | * | 25 | 82 | * | * | 3 | 5 | * | * | 15 | **130** |
| सिक्किम | * | * | * | 1 | * | * | * | * | * | * | * | **1** |
| तमिलनाडु | * | * | * | 20 | 1 | * | * | * | * | * | * | **21** |
| तेलंगाना | * | * | * | 10 | 2 | * | 66 | 7 | * | * | * | **85** |
| त्रिपुरा | * | * | * | 2 | * | * | * | * | * | * | 1 | **3** |
| जम्मू एवं कश्मीर | * | * | * | 21 | * | * | * | * | 32 | * | * | **53** |
| लद्दाख | * | * | * | 1 | * | * | * | * | 18 | * | * | **19** |
| उत्तर प्रदेश | 240 | * | * | 18 | * | * | 9 | 26 | * | * | 64 | **357** |
| उत्तराखण्ड | * | * | * | 33 | * | * | * | * | * | * | * | **33** |
| पश्चिम बंगाल | * | 7 | * | 223 | * | * | * | 5 | * | * | 17 | **252** |
| कुल योग | **291** | **60** | **25** | **1297** | **6** | **2** | **505** | **415** | **65** | **3** | **348** | **3017** |

*** चिह्न का अर्थ शून्य / रिपोर्ट नहीं किया गया**

उपर्युक्त जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD द्वारा विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स एवं सरकारी आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों की रिपोर्ट से ली गई है।

********